महामहीम राज्यपाल के हाथों उपाधि पाने को उत्साहित हैं विद्यार्थी

महू » दबंग रिपोर्टर

डॉ. बी.आर. आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू में 26 नवंबर को होने वाले चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। सफल समारोह के संबंध में विश्वविद्यालय में कई बार रिहर्सल किया गया। दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगुभाई पटेल अध्यक्ष के रूप में तथा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री मीना सिंह, संस्कृति, पर्यटन एवं अध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर एवं धार सांसद छतरसिंह दरबार उपस्थित रहेंगे तथा दीक्षांत उद्बोधन हेतु डॉ. प्रकाश सी. बरतूनिया, चांसलर, बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ का सान्निध्य प्राप्त होगा। दीक्षांत समारोह में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति और अन्य कई गणमान्य विभूतियां भी शिरकत करेंगी। दीक्षांत समारोह में सत्र 2020-21 एवं 2021-22 के पीएच.डी., परास्नातक,

स्नातक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जा रही है। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्याथियों के साथ उपाधि प्राप्त करने का रिहर्सल किया गया। एन.सी.सी. कैडेट भी दीक्षांत पूर्व की जा रही तैयारियों में शामिल रहे। कुलपति प्रो. डी.के. शर्मा ने बताया दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि दीक्षांत समारोह हेतु गठित विभिन्न समितियों द्वारा तैयारियां की जा चुकी हैं। दीक्षांत समारोह हेतु गठित समिति के अध्यक्ष प्रो. डी.के. वर्मा के मार्गदर्शन में समय-समय पर रिहर्सल किया जा रहा है। मीडिया समन्वयक प्रो. शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि कुलपति की अध्यक्षता एवं कुलसचिव के मार्गदर्शन में लगातार बैठक आयोजित कर समीक्षा की जा रही है। तैयारियों का कई बार रिहर्सल किया जा चुका है। दीक्षांत रिहर्सल के दौरान नैक सलाहकार प्रो. एम.एम.पी. श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक नीलम निनामा, संकाय प्रो. सुनील गोयल, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. कौशलेंद्र वर्मा, प्रदीप कुमार, डॉ. शीतल झा, डॉ. प्रवीण चौधरी, डॉ. संगीता मसानी, हिमांशी सोनी, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, डॉ. रामशंकर, डॉ. दीपक कारभारी, डॉ. पीसी बंसल, डॉ. संतोष गुजरे, डॉ. अलका रघुनाथ, डॉ. दिव्या, डॉ. मोनिका यादव, डॉ. सविता चौहान, हुकुम सिंह कर्मचारी तथा विद्यार्थी निरंतर उत्साह के साथ जुटे हैं।

पार्षद को दोस्त ने बर्थडे पार्टी में बुलाकर पीट-पीटकर मार डाला

गिरफ्तारी की मांग को लेकर चक्काजाम 1 आरोपी गिरफ्तार, 4 आरोपी फरार

ग्वालियर » दबंग रिपोर्टर

एक पार्षद को उसके दोस्त ने पीट-पीटकर मारा डाला। पार्षद एनिवर्सरी केक खरीदने बाजार गया था। घर लौटा तो दोस्त ने पार्षद को जन्मदिन पार्टी में बुलाया और फिर साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। घटना मुरार थाना इलाके के वंशीपुरा चौराहे की है। गत देर रात पुलिस को सूचना मिली। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची हमलावर भाग चुके थे। गुरुवार की सुबह घटना से नाराज पार्षद के परिजन और समर्थकों ने बारादरी चौराहा पर चक्काजाम कर पुलिस थाना घेर लिया। पार्षद की मौत के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों में से 1 को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी के चार आरोपियों की तलाश में पुलिस पार्टी रवाना की है।

मुरार में रहने वाली राधा कुशवाह ने बताया कि गत 23 नवंबर बुधवार को एनिवर्सरी थी। पति शैलू उर्फ शैलेंद्र कुशवाह (40) वार्ड नंबर 3 से पार्षद थे। बुधवार शाम 6 बजे पति घर आए। बच्चों ने शादी की सालगिरह के लिए केक और मिठाई लाने की जिद पति से की। इस पर वे केक और खाने-पीने का सामान लेने बाजार चले गए। रात 10 बजे घर लौटे और एनिवर्सरी केक और सामान लेकर आ गए। इसके कुछ समय बाद राज उर्फ राजेश शर्मा, भूरा उर्फ सर्वेश तोमर, विक्की कौशल, विनीत राजावत और धीरज पाल आए। पति को साथ लेकर चले गए।

पार्षद शैलू कुशवाह की हत्या की सूचना मिलने पर परिजन ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुरार पुलिस थाना का घेराव किया। वहीं, पार्षद समर्थकों ने शहर के व्यस्ततम बारादरी चौराहा पर चक्काजाम कर दिया।

पार्षद के दोस्त विक्की का बुधवार को जन्मदिन था। उसने देर रात बर्थडे पार्टी रखी थी। पार्षद की पत्नी राधा के मुताबिक, आरोपी पति को साथ लेकर चले गए, इसके ढाई घंटे बाद पति पर जानलेवा हमले की सूचना मिली। पति के साथ सुबह से ही आरोपी राजेश शर्मा साथ में था। पति की एक दिन पहले ही भूरा तोमर से लडाई हुई थी। तब भूरा को मैंने भी समझाया था। लेकिन, उसे समझ नहीं आया। यूं तो भूरा से करीब दो - तीन महीने पहले से लडाई चल रही थी। यह झगडा ढाबे पर खा-पीकर हंगामा करने के कारण हुआ था। दो दिन पहले ही भूरा ने दोबारा बातचीत शुरू की थी। पति ने भी अपनी तरफ से बातचीत शुरू की थी।

राधा कुशवाह ने बताया कि गत रात 11.30 बजे पति शैलू कुशवाह से बात हुई। तब तक सबकुछ सामान्य था। एनिवर्सरी केक काटने के लिए बुलाने पर पति ने कहा था- थोडी देर में आ रहा हूं। पति अक्सर रात 12 बजे के बाद ही घर आते थे। पुलिस को दिए शिकायती आवेदन में परिजन ने बताया कि रात 12.30 बजे हमें जानकारी मिली कि पार्षद को वंशीपुरा चौराहे पर राज उर्फ राजेश शर्मा, भूरा उर्फ सर्वेश तोमर, विक्की कौशल, विनीत राजावत और धीरज पाल लाठी और सरियों से मार रहे हैं।

राधा ने बताया कि वह, सास लक्ष्मी कुशवाह, ससुर रामबाबू कुशवाह, चाचा नरेश कुशवाह और देवर रामू कुशवाह को लेकर वंशीपुरा चौराहा पहुंची। वहां पांचों हमलावर पति को पीट रहे थे। हम सभी को आता देखकर सभी भाग गए। पति शैलेंद्र कुशवाह को घायल हालत में लेकर जिला अस्पताल मुरार पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच कर जयारोग्य हॉस्पिटल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान रात ढाई बजे शैलू उर्फ शैलेंद्र कुशवाह की मौत हो गई।

पार्षद शैलू कुशवाहा की हत्या की सूचना मिलने पर परिजन ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुरार पुलिस थाना का घेराव किया। वहीं, पार्षद समर्थकों ने शहर के व्यस्ततम बारादरी चौराहा पर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पुलिस के अफसर पहुंचे और परिजनों को समझाबुझाकर जाम खुलवाया। इस बारे में एएसपी क्राइम राजेश डंडोतिया पार्षद की हत्या के मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर एक आरोपी को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जल्द ही अन्य आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

बाल महोत्सव : रंगोली व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

महू। 42वें बाल महोत्सव के तहत गुरुवार को माध्यमिक स्तर की रंगोली स्पर्धा श्री माहेश्वरी उ. मा. विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर की सामान्य ज्ञान स्पर्धा जैन पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में 28 विद्यालयों के 56 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगो के माध्यम से रंगोली को उकेरी। स्पर्धा में कैलोद पब्लिक स्कूल की दिव्या कौशल प्रथम, सी.बी. कन्या की महक अहिरवार द्वितीय, ऋषि वेली की दिशा धेप्ते तृतीय स्थान पर रहीं। माध्यमिक स्तर की सामान्य ज्ञान स्पर्धा जैन पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 19 विद्यालयों के 38 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन मंजुला जैन ने किया। स्पर्धा में कर्नल्स एकेडमी की कृष्णा मित्तल प्रथम, श्री एकेडमी के रितेश आंजना द्वितीय, शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय के कार्तिक बावने तृतीय स्थान पर रही।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित है कि मेरे पक्षकार ने तनेजा आयरन एण्ड स्टील कंपनी लिमिटेड तर्फे अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता-पता 315, ट्रांसपोर्ट नगर इंदौर म.प्र., श्री अजय तनेजा पिता श्री मनोहरलाल तनेजा निवासी 314, ट्रांसपोर्ट नगर इंदौर (म.प्र.) के एकमात्र स्वत्व, मालकी व आधिपत्य का पिथमपुर तहसील पिथमपुर जिला धार के सेक्टर-3 मे स्थित औद्योगिक उपयोग के भूखण्ड क्रमांक 580, 588 एवं 589 है जिनका कुल क्षेत्रफल 5116.12 वर्गमीटर है जिस पर औद्योगिक टीन शेड निर्मित है जिसकी चतुसीमा पूर्व मे- 18 मीटर चौडे रोड से हद, पश्चिम में- 18 मीटर चौडे रोड से हद, उत्तर मे भूखण्ड क्रमांक 579 एवं 587 से हद एवं दक्षिण मे भूखण्ड क्रमांक 581 एवं 590 से हद को सर्व भार मुक्त अवस्था मे क्रय करने का सोदा तय किया होकर अग्रिम बयाना राशि का भुगतान कर भूखण्ड बिक्री अनुबंध पत्र निष्पादित कर दिया है। इस विक्रय व्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था या निकाय को कोई आपत्ति हो अथवा उपरोक्त भूखण्ड पर किसी का किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझ हो तो इस प्रकाशन के 7 दिन में प्रमाण सहित मुझे पंजीकृत डाक से सूचित करे अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवा लेवेंगे एवं तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार को स्वीकार नहीं होगी।

दिनांक :- 24/11/2022

आशीष जैन, एडवोकेट
निवासी - आनंदेश्वर मार्ग धार, मोबा. 94259-19584

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

निविदा सूचना

विज्ञप्ति क्र.: 50/22-23/ई टेण्डर
सी.ई./विद्युत एवं यांत्रिकी

दिनांक: 21.11.2022

नगर पालिक निगम, इन्दौर के द्वारा केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत निम्न कार्य के लिए शासकीय विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों के अनुभवी सक्षम ठेकेदारों से ऑनलाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

ग्रुप क्र.	ऑनलाइन टेण्डर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	अर्नेस्ट मनी का आकार	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समया - वधि	लागू एस.ओ. आर.	ठेकेदारों की सक्षमता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2022-UAD-233659	इन्दौर शहर के अंतर्गत विभिन्न फ्लाय ओवर/ब्रिज पर लगे हुए विद्युत पोलों पर एल.ई.डी. स्ट्रीप लाइट लगाने संबंधी कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	67,28,800/-	50,500/-	5,000/-	1 माह	प्रचलित बाजार भाव के आधार पर	लोक निर्माण विभाग की सक्षम श्रेणी में पंजीकृत

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने एवं बिड सबमीट करने की अंतिम दिनांक : 28.11.2022 शाम 5.30 बजे तक
2. टेक्निकल बिड खोलने की दिनांक : 30.11.2022 सुबह 11.00 बजे

शर्तें: (1) आमंत्रित निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन ऑनलाइन ही जारी किया जावेगा।
(2) विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिये https://www.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है।
(3) निविदा में भाग लेने वाली फर्म को ई.पी.एफ. पंजीयन एवं जी.एस.टी. पंजीयन की प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

E-mail ID: imcvidhyutvibhag@gmail.com

सिटी इंजीनियर, विद्युत एवं यांत्रिकी
नगर पालिक निगम, इन्दौर

खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

भितरवार » दबंग रिपोर्टर

विजेता बनने के लिए अनुशासन,लगन और कढ़ी मेहनत बहुत जरूरी है। इस बात को ध्यान में रखने बाले खिलाड़ी कभी असफल नहीं होते। यह बात भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन पर कही। नई खेल प्रतिभाओं को खोज कर उन्हें उचित प्रशिक्षण देकर तराशने,आगे बढ़ाने एवं खिलाड़ियों को अनेक अवसर प्रदान करने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कप के तहत ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन नगद के पं दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में किया गया। गुरूबार को प्रतियोगिता के समापन पर एक समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर मुख्य अतिथि थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार शिवानी पांडे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी नारायण, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी उपस्थित थे। अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विभिन्न प्रतिगोगिता में विजेता हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने बच्चों से कहा कि भाजपा सरकार और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की यह एक अच्छी पहल है। इस आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाएं सामने आयेंगीं। वहीं कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक ने बताया कि मुख्यमंत्री कप विकासखंड स्तर की प्रतियोगिताओं में खो-खो, कब्बड्डी, वालीबॉल फुटबॉल, एथेलेटिक्स, कुश्ती में विकासखण्डों के 18 वर्ष से कम आयु के लगभग बालक-बालिका ने भाग लिया।

बापू भक्तोंने अमावस्या पर मुरार में निकाली भव्य हरिनाम प्रभात फेरी

ग्वालियर » दबंग रिपोर्टर

संत आशाराम बापू आश्रम ग्वालियर द्वारा हरेक अमावस्या की भांति इस बार हरिनाम प्रभात फेरी मुरार की विभिन्न गालियों में गाते बजाते निकाली। फेरी कृष्णपुरी से जिला अस्पताल रोड से 7न 6न चौराहे से कन्या महाविद्यालय से मुख्य बाजार होते हुए बारादरी चौराहे से पेट्रोल पंप काशीपुरा से आर्मी चौराहे से वापिस गुप्ता नर्सिंग होम से आजाद नगर होकर कृष्णपुरी माता मंदिर पर धूमधाम से आरती के साथ समाप्त हुई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलबीर सिंह परमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी। सुसज्जित वाहन पर विराजे आशाराम बापू के विग्रह फोटो का जगह-जगह पुष्पवर्षा व माल्यार्पण कर जल फल मिष्ठान वितरण कर भव्य स्वागत किया गया। हरिनाम संकीर्तन पर नाचते गाते भक्तगण पूज्य गुरुदेव के जयकारे लगाते प्रभुनाम की मस्ती में झूमते चले जा रहे थे। मुरार में प्रभात फेरी में ऋषि प्रसाद लोक कल्याण हेतु सत साहित्य ग्रंथ बतौर उपहार वितरित किए गए।

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवम दवाइयों का वितरण 27 को

इंदौर। एचसी मेहता सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा इंडेक्स हॉस्पिटल के सहयोग से निपानिया में 27 नवंबर को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अयोजित किया जा रहा है, जिसमे इंडेक्स हॉस्पिटल के ख्याति प्राप्त डॉक्टर्स समस्त प्रकार की बीमारियों का परीक्षण कर दवाइयों का वितरण करेगें। एचसी मेहता सोशल वेलफेयर सोसायटी की सदस्य कविता मेहता ने बताया हमारी संस्था का प्रयास है कि इस स्वास्थ्य शिविर में अधिकांश लोग निःशुल्क अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा सके, इसे लेकर हमारी टीम पिछले 1 सप्ताह से पूरे निपानिया में लोगों से मिल रही है, खासकर गरीब बस्तियों में लोगों को इस कैंप का फायदा मिल सके यही हमारा मूल उद्देश्य है।

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड

सीआईएन: L15311MP2009PLC021746
पंजीकृत कार्यालय: खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत । दूरभाष: (0731) 243 9999
ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

डाक मतपत्र सूचना

कंपनी के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि धारा 110 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्य लागू प्रावधानों (अधिनियम) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 के अनुसार, (नियम), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के विनियम 44 (सूचीकरण बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, (सूचीकरण विनियम) (किसी भी वैधानिक संशोधन (संशोधनों) सहित, या पुनः अधिनियमन (एस) तत्संबंधी, फिलहाल लागू), सामान्य परिपत्र संख्या 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर , 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 द्वारा जारी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए परिपत्र), कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों (एसएस -2) पर सचिवीय मानक भारत, एक पोस्टल बैलेट नोटिस, प्रताप स्नैक्स लिमिटेड (कंपनी) के सदस्यों के अनुमोदन की मांग करते हुए पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित संकल्प पर केवल उन सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से भेजा गया है जिनके ई-मेल पते कंपनी या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट या डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं और जिनके नाम कट-ऑफ तारीख यानि शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022 को सदस्यों के रजिस्टर / लाभार्थी मालिकों की सूची में परिलक्षित हैं। कंपनी ने गुरुवार, 24 नवंबर, 2022 को ई-मेल के माध्यम से पोस्टल बैलेट नोटिस भेजा है।

पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर उपलब्ध है। स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट जहां कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, यानि www.nseindia.com पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और www.bseindia.com बीएसई लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

नियमों, लिस्टिंग विनियमों और एमसीए परिपत्रों के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार, प्रस्तावित संकल्प पर मतदान का तरीका केवल ई-वोटिंग तक ही सीमित है, अर्थात पोस्टल बैलट फॉर्म जमा करने के बजाय इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालना है। कट-ऑफ तारीख 18 नवंबर 2022 को सदस्यों के वोटिंग अधिकार कंपनी की पेड इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए अधिकृत ई-वोटिंग एजेंसी सीडीएसएल की सेवाएं ली हैं। ई-वोटिंग अवधि के दौरान, कट-ऑफ तारीख यानी शुक्रवार, 18 नवंबर, 2022 को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य संकल्प के संबंध में केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं ऐसा पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित किया गया है। एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, उसे इस पोस्टल बैलेट नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से मानना चाहिए।

ई-वोटिंग की अवधि शनिवार, 26 नवंबर, 2022 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होती है और रविवार, 25 दिसंबर, 2022 को शाम 5.00 बजे समाप्त होती है (आईएसटी)। इसके बाद वोटिंग के लिए सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग सुविधा बंद कर दी जाएगी।

सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई-वोटिंग सुविधा पर सेबी के परिपत्र दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के अनुसार, सभी व्यक्तिगत डीमैट खाताधारकों के लिए ई-वोटिंग प्रक्रिया को उनके डीमैट खातों / डिपॉजिटरी की वेबसाइटों के माध्यम से एकल लॉगिन क्रेडेंशियल के माध्यम से सक्षम किया गया है। मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए अपने संबंधित डीपी/आरटीए के साथ अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल पता अपडेट करें। पोस्टल बैलेट नोटिस में ई-वोटिंग की लॉगिन विधियों के लिए विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

सदस्य, जो डीमैट धारण के मामले में अपना ई-मेल पता अपडेट या पंजीकृत करना चाहते हैं, कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और अपने ई-मेल पते को पंजीकृत करें, उनके डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार और भौतिक रूप से होल्डिंग, फॉर्म ISR-1 विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित KFin Technologies Limited (पूर्व में KFin Technologies Private Limited के रूप में जाना जाता है), कंपनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट einward.riskfintech.com पर भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे शेयर ट्रांसफर एजेंट, KFin Technologies Limited से सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर-बी, प्लॉट नंबर 31 और 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद - 500032, तेलंगाना, भारत में संपर्क करें या einward.riskfintech.com पर ईमेल भेजें। शेयर ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट https://www.kfintech.com है।

रिमोट ई-वोटिंग का परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में मंगलवार, 27 दिसंबर, 2022 को या उससे पहले घोषित किया जाएगा। उक्त परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रदर्शित किया जाएगा, स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा जहां कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं और कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in और सीडीएसएल कंपनी की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे पोस्टल बैलट नोटिस में निर्धारित सभी टिप्पणियों विशेष रूप से रिमोट ई-वोटिंग के लिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

यदि सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के संबंध में आपके कोई प्रश्न या मुद्दे हैं, तो आप helpdesk.evotingcdlindia.com पर ई-मेल लिख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी को भेजी जा सकती हैं। मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 या helpdesk.evotingcdlindia.com पर ई-मेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।

कृते प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
(हस्ताक्षर)
ओम प्रकाश पाण्डे
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान : इंदौर
दिनांक: 24 नवंबर, 2022

ANIL PUB.

ट्रक सहित 3 लाख का गांजा सप्लाई करते तीन तस्कर पकड़े

ग्वालियर » दबंग रिपोर्टर

प्रदेश में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्वालियर पुलिस अवैध शराब व अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त करने वालों के विरुद्ध लगात तीन तस्कर को गिरफ्तार कर तीन लाख बीस हजार रुपये का गांजा जब्त किया है, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक ट्रक भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए तस्करों के नारकोटिक्स अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

ग्वालियर एसएसपी अमित सांघी को मुखबिर से सूचना मिली कि तस्कर एक ट्रक में झांसी की तरफ से गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना के बाद एसपी ने एडिशनल एसपी क्राइम राजेश दंडोतिया को कार्यवाही के निर्देश दिये। निर्देश मिलने के बाद

एडिशनल एसपी दंडोतिया ने एडिशनल एसपी देहात जयराज कुबेर से समन्वय स्थापित कर क्राइम ब्रांच व बिलौआ थाने की पुलिस की संयुक्त टीम को गांजा तस्कर को पकडने के लिए भेजा।

क्राइम ब्रांच व थाना बिलौआ पुलिस की संयुक्त टीम को जौरासी घाटी, पुलिस चौकी पर भेजा गया। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को डबरा की तरफ से एक क्षतिग्रस्त ट्रक क्रमांक आरजे-11-जीए-6031 आता दिखा, जिसे पुलिस टीम ने चैकिंग के लिये रोकने का इशारा किया गया तो ट्रक चालक व दो अन्य व्यक्ति कूदकर भागने लगे, जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर ही पकड लिया। पूछताछ करने पर ट्रक चालक ने अपना नाम मुनेश सिकरवार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम अऐला थाना सैंया, आगरा उत्तरप्रदेश तथा दो अन्य तस्कर 22 वर्षीय लवकुश शर्मा पुत्र विजेंद्र शर्मा निवासी ग्राम भवांरी जिला धौलपुर राजस्थान,32 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रमेश सिंह जादौन निवासी सिरोना धौलपुर राजस्थान के रहने वाला बताए जा रहे हैं।

ट्रक की तलाशी लेने पर ड्राइवर सीट के पीछे वाली सीट के नीचे एक प्लास्टिक की बोरी रखी मिली जिसे चैक करने पर उसमें गांजा भरा हुआ मिला। गांजे की तौल कराने पर 20 किलो 300 ग्राम था। जिसकी कीमत लगभग 3 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई। थाना बिलौआ पुलिस ने गांजा व ट्रक को जब्त कर गांजा तस्करों के विरुद्ध नारकोटिक्स अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से गांजे के संबंध में पूछताछ कर रही है।